# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 141/2023

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए पंजीकृत छात्र/छात्रा के डमी पंजीयन कार्ड समिति की वेबसाईट पर जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु पोर्टल खुले रहने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी कोटि के मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान, संबंधित छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि आगामी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 (सत्र 2023–2024) में सम्मिलित होने वाले वैसे छात्र/छात्रा, जिनका ऑनलाईन पंजीयन/अनुमति आवेदन एवं शुल्क दिनांक 23.01.2023 तक संबंधित विद्यालय के प्रधान द्वारा भरे गये हैं, उन छात्र/छात्राओं का **डमी पंजीयन कार्ड (Dummy Registration Card) समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक 09.06.2023 से 19.06.2023 तक अपलोड रहेगा। विद्यालय के प्रधान यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से डमी पंजीयन कार्ड डाउनलोड कर अपने विद्यालय के छात्र/छात्रा को प्राप्त कराना सुनिश्चित करेंगे।**

2. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन भरे गये पंजीयन आवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं के रजिस्टर्ड मोबाईल पर भी इस आशय की सूचना SMS (Message) के माध्यम से भेजी जा रही है, ताकि छात्र/छात्रा स्वयं भी समिति के उक्त वेबसाईट से अपना **डमी पंजीयन कार्ड** निम्नवत् प्रक्रिया के तहत डाउनलोड कर सकते हैं –

i. वेब ब्राउजर के Address Bar में **http://secondary.biharboardonline.com** टाईप कर Enter करेंगे।

↓

ii. वेब पेज पर मौजूद Download Dummy Registration Card लिंक पर Click करेंगे।

↓

iii. तत्पश्चात् वेबसाईट का पेज खुलेगा, जहाँ पर छात्र/छात्रा अपना विद्यालय कोड, नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि प्रविष्ट कर Submit Button पर Click करेंगे।

↓

iv. इसके बाद छात्र/छात्रा का Dummy Registration Card दिखेगा, जिसे कम्प्यूटर/मोबाईल में Download किया जा सकता है।

3. सत्र 2023–24 के पंजीकृत छात्र/छात्रा को निदेश दिया जाता है कि अपने विद्यालय के प्रधान के माध्यम से अथवा स्वयं द्वारा उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये डमी पंजीयन कार्ड के विवरणी की भली–भाँति मिलान/देखकर आश्वस्त हो लेंगे कि उनके डमी पंजीयन कार्ड में अंकित किसी विवरणी में त्रुटि तो नहीं है। यदि किसी छात्र/छात्रा के डमी पंजीयन कार्ड में किसी तरह की त्रुटि परिलक्षित होती है, तो **दिनांक 19.06.2023 तक की अवधि में इस** त्रुटि का ऑनलाईन सुधार अपने विद्यालय के प्रधान के माध्यम से करा सकते हैं। **किसी छात्र/छात्रा के डमी पंजीयन कार्ड में अंकित उनके नाम, माता/पिता के नाम में मात्र लघु स्पेलिंग (i.e. A,E,K,M etc), फोटो, जन्म तिथि, जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, लिंग, विषय आदि से संबंधित त्रुटि का सुधार कराया जा सकता है। छात्र/छात्रा त्रुटि सुधार कराने हेतु अपने हस्ताक्षर के साथ डमी पंजीयन कार्ड की दो संशोधित प्रति अपने विद्यालय के प्रधान के पास उपलब्ध करा देंगे। इसमें से एक प्रति साक्ष्य के रूप में विद्यालय के प्रधान का हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। दूसरी प्रति विद्यालय के प्रधान के पास संधारित रहेगा। विदित हो कि छात्र/छात्रा के नाम, माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। भविष्य में यदि यह पाया जाता है कि त्रुटि संशोधन के क्रम में किसी छात्र/छात्रा की पूर्ण पहचान बदल दी गयी है, तो उनका पंजीयन रद्द किया जा सकता है। इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही विद्यालय के प्रधान की होगी।**

4. **यह भी उल्लेखनीय है कि दृष्टिबाधित छात्र/छात्राओं को विज्ञान के स्थान पर संगीत एवं गणित के स्थान पर गृह–विज्ञान के परीक्षा में शामिल होना होता है। दृष्टिबाधित छात्र/छात्रा से तात्पर्य है कि वैसे छात्र/छात्रा जो दोनों आँखों से देखने में सक्षम नहीं है। ऐसे छात्र/छात्राओं के डमी पंजीयन कार्ड की कंडिका–7 में निर्दिष्ट कोटि का उल्लेख है। यदि इस कोटि में त्रुटि हो, तो इसका अनिवार्य रूप से विशेष ध्यान देकर निर्धारित अवधि में संशोधन करा लेना आवश्यक है।**

5. वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित छात्र/छात्रा का पंजीयन/परीक्षा आवेदन भरे जाने के मद में तथा सत्र 2023–24 के छात्र/छात्रा का ऑनलाईन पंजीयन आवेदन भरे जाने के मद में पंजीयन शुल्क कतिपय विद्यालय के प्रधान द्वारा अभी तक जमा नहीं किया गया है। वैसे विद्यालयों की सूची समिति की वेबसाईट पर अपलोड है, जिसे देखा जा सकता है। विद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि **दिनांक 19.06.2023 तक** अनिवार्य रूप से सत्र 2022–23 एवं 2023–24 का बकाया शुल्क जमा करना/कराना सुनिश्चित करें। शुल्क जमा नहीं होने की स्थिति में किसी प्रकार की समस्या होती है, तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित विद्यालय के प्रधान की होगी।

6. विद्यालय के प्रधान से अनुरोध है कि समिति के उक्त वेबसाईट से डमी पंजीयन कार्ड डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर एवं मुहर के साथ अपने विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को अविलम्ब प्राप्त करा देंगे। साथ ही छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से यह निदेश देंगे कि डमी पंजीयन कार्ड का वे भली–भाँति अवलोकन कर यह सुनिश्चित हो लें कि उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं है। यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित हो, तो उसे **दिनांक 19.06.2023 तक** सुधार करा लेने हेतु विद्यालय में जमा किया जाय।

7. उल्लेखनीय है कि विद्यालय के प्रधान द्वारा ऑनलाईन त्रुटि सुधार के पश्चात् छात्र/छात्राओं का मूल पंजीयन कार्ड समिति की वेबसाईट पर जारी किया जाएगा तथा उसी के आधार पर छात्र/छात्रा का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन स्वीकार किया जाएगा एवं प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। **डमी पंजीयन कार्ड में कोई त्रुटि नहीं रह जाय, इसलिए यह अतिआवश्यक है कि विद्यालय के प्रधान अपने विद्यालय में छात्र/छात्रा से संबंधित संधारित संगत अभिलेखों से मिलान कर दिनांक–19.06.2023 तक अनिवार्य रूप से त्रुटि का ऑनलाईन सुधार कराना/करना सुनिश्चित करेंगे। छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक व्यक्तिगत रूप से विशेष ध्यान देकर निर्धारित तिथि तक सुधार किये गये डमी पंजीयन कार्ड का अवलोकन कर यह आश्वस्त हो लेंगे कि उनके डमी पंजीयन कार्ड में त्रुटि का सुधार विद्यालय के प्रधान द्वारा कर दिया गया है।** ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने/कराने का उत्तरदायित्व विद्यालय के प्रधान के साथ–साथ छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की भी होगी।

8. ऑनलाईन डमी पंजीयन कार्ड डाउनलोड करने तथा बकाया शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के **हेल्पलाइन नंबर–0612–2232074** अथवा **E-mail ID: bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)